an>

Title: Need to ban TV serials depicting wrong portrayal of historical and mythological texts.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) ः इन दिनों टी.वी. चैनल्स पर अनेक पौराणिक एवं धार्मिक चरित्र पर आधारित धारावाहिक प्रसारित हो रहे हैं। किन्तु जनसंवाद एवं देखने में आया है कि कथित रोचकता एवं दर्शक संख्या बढ़ाने के लालच में निर्माता-निर्देशक तथ्यों को नजरअंदाज कर धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचा रहे हैं। मैंने इस संबंध में अनेक विद्वान जनों से चर्चा की एवं शास्त्रों का ज्ञान रखने वाले विद्वानों से सम्पर्क किया। धारावाहिकों में पौराणिक तथ्यों से होने वाली छेड़छाड़ पर सबने चिंता जाहिर की है। तथ्यों से छेड़छाड़ के चलते न सिर्फ समाज में गलत संदेश जा रहा है बल्कि नई पीढ़ी पौराणिक घटनाओं का गलत ज्ञान प्राप्त कर रही है। यह पूरा घटनाक्रम समाज की भावनाओं पर चोट है। अतएव मेरा सरकार से आग्रह है कि धार्मिक धारावाहिकों का प्रसारण करने वाले चैनल्स एवं निर्माताओं के लिए गाइडलाइन्स जारी कर तथ्यों से छेड़छाड़ पर सीरियल पर बैन जैसे प्रावधान किए जाएं एवं वर्तमान प्रावधान से अवगत कराने की कृपा करें।